षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-05 वृहस्पतिवार, दिनांक- 02 मार्च, 2017 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक ।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माले) के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से कहा गया कि अपनी बातों को सही समय पर उठाए एवं सदन चलने में सहयोग करें तभी आपकी बातों को सुना जा सकेगा । तब भा०क०पा० (माले) के माननीय सदस्यगण अपनी-अपनी सीट पर चले गए ।

तत्पश्चात् माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा कल उठायी गयी अपनी मांग को पुन: दोहराया गया एवं सरकार से कार्रवाई की मांग की गयी ।

आसन से कहा गया कि सभी दल के नेता इस घटना की निन्दा कर चुके हैं साथ ही एक-दूसरे की बात न सुनना जनतंत्र के सिद्धान्तों के विपरीत है । जिस माननीय मंत्री या माननीय सदस्य पर आरोप लगा है, उनको सदन में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, इसलिए आसन का दायित्व है कि उनकी बातों को सुनने के लिए सदन से अनुरोध करे । आसन का यह भी फर्ज है कि किसी भी तरह से सदन की कार्यवाही चल सके इसकी व्यवस्था करे साथ ही पुन: नेता विरोधी दल से आग्रह किया कि माननीय मंत्री की बातों को सुना जाना चाहिए । एक अशोभनीय आचरण को दूसरे अशोभनीय बातों से दूर नहीं किया जा सकता है । ऐसे में तो प्रतिक्रियाओं की लम्बी श्रृंखला बन जाएगी । माननीय मंत्री के पक्ष से संतुष्ट नहीं होंगे तो आसन फिर सब के साथ मिल बैठ कर रास्ता निकालेगा । मेरी तो यही मान्यता है कि अगर सारा सदन एकमत होकर जिस सदस्य या मंत्री के आचरण को अशोभनीय कहा है अगर वे अपनी बात सदन में रखना चाहते हैं तो उनको अवसर दिया जाना चाहिए । संसदीय प्रणाली में एक से एक दुरूह और कठिन परिस्थितियों में बैठकों में विचार करके ही हमलोगों ने उसका रास्ता निकाला है ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा भी माननीय मंत्री श्री अब्दुल जलील मस्तान की बात सुनने का आग्रह किया गया ।

किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन के आग्रह के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 02.17 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

वित्तीय वर्ष 2017-18 के वार्षिक वित्तीय विवरण पर सामान्य विमर्श पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:-

(i) श्री राजेन्द्र कुमार

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 03.30 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

स्थगनोपरान्त

(03.30 बजे अप० से 04.00 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

वित्तीय वर्ष 2017-18 के वार्षिक वित्तीय विवरण के सामान्य विमर्श पर सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-51 ,निवेदनों को सदन की सहमति से सम्बन्धित विभागों को भेज दिए जायेंगे । तदोपरान्त सदन की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक-03 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।